# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः– आर0एम0पी0यू0 / प0नि0/09 / 2025 दिनांकः 05 अप्रैल, 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय
अलीगढ़।

**विषयः सत्र 2024–25 विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र सं0–आर0एम0पी0यू0 / 700 / 2025 दिनांक 01 अप्रैल 2025 द्वारा विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालयों को सत्र 2024–25 विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षाएं सम्पादित कराते हुए पोर्टल पर अंकों को अपलोड कराये जाने हेतु अन्तिम तिथि 05.04.2025 निर्धारित की गयी थी। किन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षाएं सम्पादित कराते हुए अंक अपलोड नही किये गये है।

उपरोक्त सम्बन्ध में प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त वाह्य एवं आन्तरिक परीक्षकों से तिथि / समय न मिल पाने की स्थिति में समय से विश्वविद्यालय से उनका नाम परिवर्तित कराते हुए प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षाएं सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

अतः दिनांक 10.04.2025 तक प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षाएं सम्पादित कराते हुए अनिवार्य रूप से अंक अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिससे परीक्षा परिणाम शीघ्र जारी किया जा सके।

भवदीय
05/4/25
(अजय कृष्ण यादव)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक